Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 20 जुलाई, 2023

AI के विकास में जवाबदेही और सुरक्षा सुनिश्चित करना

[आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/कृत्रिम बुद्धिमत्ता](#) पर [संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद](#) की पहली बैठक के दौरान **AI के सुरक्षित और ज़िम्मेदार विकास को लेकर चिंताएँ जताई गईं।** **AI** मानव मस्तिष्क की समस्या-समाधान एवं निर्णय लेने की क्षमताओं की नकल करने के लिये **कंप्यूटर और मशीनों** का सहारा लेता है। इसलिये अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने **अराजक अथवा अप्रत्याशित व्यवहार से बचने के लिये क्षमताओं, दुरुपयोग तथा सुरक्षा खामियों के लिये AI प्रणाली के परीक्षण** के तरीकों को विकसित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने **पूर्वाग्रही, भेदभावपूर्ण और सत्तावादी निगरानी जैसे मुद्दों को हल करने के लिये संयुक्त राष्ट्र में मानकों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के महत्त्व** पर ज़ोर दिया। **मानव-केंद्रित और भरोसेमंद AI व्यवस्था** सुनिश्चित करने के लिये **इसका विकास लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानवाधिकारों के अनुरूप** होना ही चाहिये।

और पढ़ें...[संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद](#), [आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस](#)

अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस 2023

20 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस, वर्ष 1969 में **ऐतिहासिक** [अपोलो 11 मिशन](#) **की चंद्रमा पर लैंडिंग की याद दिलाता है।** अंतरिक्ष यात्री **नील आर्मस्ट्रांग और बज़ एल्ड्रिन** ने **ट्रैंक्विलिटी बेस** नामक स्थान पर **चंद्र सतह पर कदम रखकर** इतिहास रचा, जबकि **माइकल कोलिन्स ने चंद्र कक्षा में कोलंबिया कमांड मॉड्यूल** का संचालन किया। [संयुक्त राष्ट्र महासभा](#) ने वर्ष 2021 में "बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग" पर अपने संकल्प 76/76 में इसे एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई।

और पढ़ें... [अपोलो 11 मिशन](#)

मंगल पांडे जयंती

19 जुलाई, 1827 को उत्तर प्रदेश के नगवा गाँव में जन्मे [मंगल पांडे](#) ने **प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 29 मार्च, 1857 को कलकत्ता के पास बैरकपुर सैन्य छावनी में उन्होंने जानवरों की चर्बी वाले **विवादास्पद एनफील्ड राइफल कारतूसों का उपयोग करने से इनकार कर ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह किया।** इस साहसिक कार्य ने एक **उत्प्रेरक** के रूप में कार्य किया, जिसने अनगिनत लोगों को ब्रिटिश औपनिवेशिक नियंत्रण के खिलाफ विद्रोह करने के लिये प्रोत्साहित किया। अंततः इस घटना ने [1857 के व्यापक भारतीय विद्रोह](#) को जन्म दिया। 8 अप्रैल, 1857 को ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा उनकी नज़रबंदी से सार्वजनिक रोष में वृद्धि हुई और लोगों ने ब्रिटिश नियंत्रण का विरोध किया।

और पढ़ें... [1857 का भारतीय विद्रोह](#)

गोमती नदी: बारहमासी स्थिति और संरक्षण पर विवाद

गोमती नदी जो [गंगा नदी](#) की एक महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है, अपनी बारहमासी स्थिति एवं संरक्षण को लेकर विवादास्पद मुद्दों का केंद्र बन गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग ने सितंबर 2020 में गोमती को **"गैर-बारहमासी नदी"** घोषित किया था जिसकी जल विशेषज्ञों और नदी अधिकार कार्यकर्त्ताओं ने आलोचना की थी। इसके अतिरिक्त **गोमती मानसून के दौरान गंगा को पुनः जलधारा से पूर्ण करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाती है जिससे यह क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिये अपरिहार्य हो जाती है। इस नदी की सुरक्षा की सख्त ज़रूरत को [केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)](#) की एक रिपोर्ट से उजागर किया गया है जिसमें वर्ष 2022 तक गोमती को देश की पाँचवीं सबसे प्रदूषित नदी का दर्जा दिया गया था।

और पढ़ें... [गंगा नदी](#), [केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-20-july-2023